>

Ttile: Regarding construction of over bridge on Goushala Railway Crossing, Katihar, Bihar.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं कि नया सदस्य होने के बाद भी मुझे पहली बार सदन में लोक महत्व के विषय को उठाने का अवसर दिया है । मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार, बिहार में है । नॉर्थ-ईस्ट रेलवे लाइन कटिहार शहर के बीचोबीच गोशाला रेलवे समपार फाटक उपरिगामी पुल का निर्माण विगत कई वर्षों से लम्बित है । यह रेल लाइन कटिहार शहर के मध्य से गुजरती है और रेलवे लाइन पर अत्यधिक रेलगाड़ियों का आवागमन होने के कारण गोशाला समपार फाटक पर आये दिन शहर की जनता को घण्टों जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है । इसलिए गोशाला समपार फाटक के ऊपरि पुल का निर्माण नितान्त आवश्यक है और इसका निर्माण होना चाहिए ।

अत: सदन के माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री से मांग करता हूं कि जनहित में गोशाला समपार फाटक ऊपरि पुल का निर्माण कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई कराई जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।